हिमाचल प्रदेश केंद्रीय विश्वविद्यालय
Central University of Himachal Pradesh
धौलाधार परिसर-1, , धर्मशाला, जिला-कांगड़ा, हिमाचल प्रदेश – 176215
DHAULADHAR CAMPUS-1, DHARAMSHALA, DISTRICT KANGRA, HIMACHAL PRADESH –176215
Phone No. 01892-229574; Fax No. 01892-229331; E-mail: registrar.cuhp@gmail.com

प्रेस नोट

दिनांक-18.10.2022

केंद्रीय विवि की डॉ. शशि पूनम 'वूमेन इंपावरमेंट अवार्ड' से सम्मानित

धर्मशाला। इंवायरमेंट एंड सोशल डिवेल्पमेंट एसोसिएशन दिल्ली की ओर से तीसरे विश्व पर्यावरण शिखर सम्मेलन 2022 में केंद्रीय विश्वविद्यालय के समाज कार्य विभाग की विभागाध्यक्ष एवं सह-प्राध्यापक डा. शशि पूनम को 'वूमेन इंपावरमेंट अवार्ड' मिला है। दिल्ली विश्वविद्यालय में आयोजित दो दिवसीय अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन में उन्हें यह सम्मान दिया गया। इस संबंध में डा. शशि पूनम के अनुसार विवि के कुलपति प्रो. सत प्रकाश बंसल जी के मार्गदर्शन में किए गए कार्यों के चलते उन्हें यह सम्मान प्राप्त हुआ है। उन्होंने कहा कि यह अवार्ड उन्हें पर्यावरण संरक्षण के लिए किए गए कार्य लोकल फॉर वोकल और उन्नत भारत अभियान के तहत ग्रामीण लोगों को पारंपरिक तरीके से वस्तुएं बनाने और उन्हें इस कार्य को आगे बढ़ाने के लिए प्रोत्साहित करने पर उन्हें यह पुरस्कार दिया गया है। इसी दौरान वे आईआईटी दिल्ली में उन्नत भारत अभियान के नेशनल कोऑर्डिनेटर प्रो. विजय से भी मिलीं और उन्नत भारत अभियान को लेकर उनसे चर्चा की और उन्हें विभिन्न गतिविधियों के बारे में अवगत करवाया । वहीं इस उपलब्धि पर विवि के अधिष्ठाता अकादमिक प्रो. प्रदीप कुमार ने डा. शशि पूनम को बधाई दी है।

पूजा चक्रवर्ती

जनसंपर्क अधिकारी (पीआरओ)
हिमाचल प्रदेश केंद्रीय विश्वविद्यालय,धर्मशाला